दिनांकः 17.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज जयपुर से देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी–भारत विस्तार लॉन्च करेंगें
- राज्य विधानसभा में आज उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी बजट बहस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करेंगीं
- खैरथल–तिजारा की खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र दुखान्तिका के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 3–3 लाख रूपये की राशि देने की घोषणां
- अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन के समापन पर आज **जयपुर घोषणा पत्र** जारी किया जाएगां

0000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज राजस्थान आयेंगें वे जयपुर से देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी **भारत विस्तार** लॉन्च करेंगें दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान भाग लेगें और ब्यौरा दे रही हैं समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाजी से–

....

000

विधानसभा में आज बजट 2026–27 पर राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश किया जाएगां उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी बजट बहस पर उत्तर प्रस्तुत करेंगीं विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगीं वहीं विधायक श्रीचन्द कृपलानी और रतन देवासी की ओर से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जायेंगें इसके अलावा विभिन्न समितियों के प्रतिवेदनों का उपस्थापन किया जाएगां इससे पहले कल हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में सदन का 27 फरवरी तक का कामकाज तय किया गयां

000

खैरथल–तिजारा जिले की खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र में हुई दुखान्तिका में मृतकों के परिजनों को 3–3 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई हैं मुख्यमंत्री सहायता कोष से ये राशि दी जाएगीं घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सात दिन में इस औद्योगिक क्षेत्र की सभी इकाइयों की व्यापक जांच करने के निर्देश दिए हैं

इस दौरान अग्नि, सुरक्षा व्यवस्था और श्रमिक सुरक्षा मानकों तथा संचालित गतिविधियों की समीक्षा की जाएगीं नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगीं इस बीच पुलिस ने फैक्ट्री मालिक सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं गौरतलब है कि कल इस औद्योगिक क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट और आगजनी में आठ मजदूरों की मौत हो गई और चार श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गयें घायलों को नई दिल्ली के एम्स रैफर किया गया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुम्बई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैकों से मुलाकात करेंगें इस दौरान दोनों नेता भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के बारे में चर्चा करेंगें और वैश्विक महत्व के अन्य मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगें वे भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का उद्घाटन करेंगें और दोनों देशों के उद्यमियों, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और नवप्रवृतकों को सम्बोधित करेंगें श्री मैको आज भारत की तीन दिन की यात्रा पर मुम्बई पहुंचें वे, प्रधानमंत्री श्री मोदी के निमंत्रण पर भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हैं

000

जयपुर में चल रहे अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन समापन अवसर पर आज जयपुर घोषणा पत्र जारी किया जाएगां इसमें शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता बढाने, भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने, शिक्षा तंत्र को एआई और प्रौद्योगिकी और नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी कियान्वयन से जुड़े सुझाव शामिल किये जाएगें सम्मेलन में देशभर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू, शिक्षाविद्, नीति निर्माता और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं

000

एनटीए ने जेईई–मेन जनवरी 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया हैं ऑल इण्डिया टॉपर कबीर छिल्लर रहे हैं इसके अलावा चिरंजीव कर और अर्नब गौतम ने भी सौ परसेन्टाईल प्राप्त की हैं हालांकि देशभर के 12 विद्यार्थियों को 100 परसेंन्टाईल के साथ टॉपर घोषित किया गया है किन्तु 100 परसेंन्टाईल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की राज्यवार संख्या में राजस्थान ने देश में शीर्ष स्थान हांसिल किया हैं

000

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं बोर्ड ने नई परीक्षा योजना के तहत 10वीं की परीक्षा के लिए पात्रता नियमों पर स्पष्टीकरण जारी किया हैं बोर्ड ने साफ किया है कि इस बार परीक्षाएं दो बार होगी किन्तु सभी विद्यार्थियों के लिए पहली

बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है अगर कोई छात्र पहली बोर्ड परीक्षा के तीन या उससे अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है तो वो दूसरी परीक्षा के लिए पात्र नहीं होगां और ब्यौरा दे रही हैं सीबीएसई के रीजनल सेन्टर से हमारी अजमेर संवाददाता–

....

000

करौली में जिला प्रशासन और राजीविका की ओर से कल से राज सखी मेले की शुरूआत हुई 22 फरवरी तक चलने वाले इस मेले के जरिये महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को नये आयाम देने के प्रयास किये जा रहे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाएं हस्तशिल्प मसाले और घरेलू उत्पादों की बिक्री कर रही हैं

....

000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के असर से आज कुछ स्थानों पर मौसम में बदलाव आया हैं भीलवाड़ा में बादल छाये हुए हैं और ठण्डी हवाओं का दौर जारी हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि मौसम में अचानक आये इस बदलाव ने किसानों को चिंता में डाल दिया हैं

....

जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, फलोदी, हनुमानगढ़, बीकानेर सहित कई इलाकों में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं ज्यादा तापमान रबी की फसल के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता हैं मौसम विभाग ने बीकानेर, जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में कुछ स्थानों पर अगले दो दिनों में हल्की बारिश होने के आसार जताये हैं

000